# श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विश्वविद्यालय
# (केंद्रीय विश्वविद्यालय)
# बी–4, कुतब सांस्थानिक क्षेत्र,
# नई दिल्ली–110016

दिनांकः 25 मार्च, 2021

क्रमांकः **F.1( )/लाबशा/Admin-I/2020-21**/1103

## कार्यालयीय सूचना

विषयः वार्षिक प्रतिवेदन 2020–21 को तैयार करने के संबंध में।

समस्त संकाय/विभागाध्यक्षों एवं कार्यालयीय अधिकारियों को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2020–21 (01.04.2020 से 31.03.2021) के वार्षिक प्रतिवेदन के लिए विश्वविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों से संबंधित सामग्री का संकलन कर मुद्रित किया जाना है।

अतः समस्त संकाय प्रमुखों, विभागाध्यक्षों, अध्यापकों एवं अनुभाग प्रभारियों से अनुरोध है कि वे वर्ष 2020–21 के लिए अपने विभाग/अनुभाग से संबंधित समस्त सूचनाएँ (हिन्दी/अंग्रेजी) भाषा में निम्नलिखित विवरण के अनुसार 16.04.2021 तक श्रीमती वंदना, अनुभाग अधिकारी (प्रशासन–I) के पास निश्चित रूप से जमा करवा दें ताकि वार्षिक प्रतिवेदन नियत समय के अंदर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं भारत सरकार को भेजी जा सके।

1. विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला, संगोष्ठी, सेमिनार, सम्मेलन आदि का विस्तृत उल्लेख।
2. विश्वविद्यालयी अध्यापकों द्वारा संगोष्ठी, कार्यशाला, पुनश्चर्या, अभिविन्यास, सम्मेलनों में सहभागिता और प्रकाशित पुस्तकें/शोध पत्रिकाएँ एवं अन्य अध्ययन सामग्री, पुरस्कार, सम्मान, प्रशंसनीय पत्र इत्यादि।
3. विभागीय व्याख्यानमालाओं का विस्तृत विवरण।
4. विभाग द्वारा प्रकाशित पुस्तकें/शोध पत्रिकाएँ एवं अन्य अध्ययन सामग्री, पुरस्कार, सम्मान, प्रशंसनीय पत्र इत्यादि।
5. अन्य विभागीय क्रियाकलापों का विवरण।

वार्षिक प्रतिवेदन की प्रतिलिपियों को निश्चित समय–सीमा में संसद के दोनों सदनों के पटल पर रखा जाना होता है, जो विश्वविद्यालय का उत्तरदायित्व होता है।

निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त सूचनाओं को वार्षिक प्रतिवेदन में सम्मिलित नहीं किया जाएगा, जिसके लिए संबंधित विभाग उत्तरदायी होगा।

(भारती त्रिपाठी)
सहायक कुलसचिव (प्रशासन–I)